# 4 त्रिभुज के शीर्षलंब तथा माध्यिका

**थोड़ा याद करें**

पिछली कक्षा में हमने त्रिभुज के कोणों के समद्विभाजक संगामी तथा त्रिभुज की भुजाओं के लंब समद्विभाजक संगामी होते हैं, इसका अध्ययन किया है । हमने यह भी अध्ययन किया है कि उनके संगम बिंदु को क्रमशः अंत:केंद्र अथवा परिकेंद्र कहते हैं ।


**कृति :**

एक रेखा खींचें । उस रेखा के बाहर एक बिंदु लें । गुणिया की सहायता से उस बिंदु से रेखा पर लंब खींचें ।

**आओ जानें**


## शीर्षलंब (Altitude)

त्रिभुज के शीर्षबिंदु से उसकी सम्मुख भुजा पर खींचे गए लंब रेखाखंड को उस त्रिभुज का शीर्षलंब कहते हैं । Δ ABC में आधार रेख AP पर BC शीर्षलंब है ।




**त्रिभुज का शीर्षलंब खींचना :**

1. कोई Δ XYZ त्रिभुज खींचें ।
2. गुणिये की सहायता से शीर्षबिंदु X से आधार YZ पर लंब खींचें । वह YZ को जिस बिंदु पर प्रतिच्छेदित करता है उस बिंदु को R नाम दें । रेख XR यह आधार YZ पर शीर्षलंब है ।





3. आधार रेख XZ को ध्यान में लें । उसके सम्मुख शीर्षबिंदु Y से रेख XZ पर शीर्षलंब खींचें । रेख YQ ⊥ रेख XZ ।
4. आधार रेख XY को ध्यान में लें । उसके सम्मुख शीर्षबिंदु Z से रेख XY पर लंब खींचें । रेख ZP ⊥ रेख XY ।

   रेख XR, रेख YQ, रेख ZP यह Δ XYZ के शीर्षलंब है ।

   यह तीनों शीर्षलंब संगामी है । इसे ध्यान में रखें ।


   **इन संगमन बिंदु को त्रिभुज का लंबकेंद्र कहते हैं । उसे 'O' अक्षर द्वारा दर्शाते हैं ।**



**त्रिभुज के लंब केंद्र बिंदु का स्थान :**


### कृति I :

कोई भी एक समकोण त्रिभुज खींचकर उसके सभी शीर्षलंब खींचें । वे कौन-से बिंदु पर प्रतिच्छेदित करते हैं, उसे लिखिए ।





### कृति II :

कोई भी एक अधिक कोण त्रिभुज खींचकर उसके तीनों शीर्षलंब खींचें । क्या वे परस्पर प्रतिच्छेदित करते हैं ? इन शीर्षलंबों को समाविष्ट करने वाली रेखाएँ खींचे । वे त्रिभुज के बाह्य भाग से एक ही बिंदु से जाती है । इसका अनुभव कीजिए ।




### कृति III :

न्यूनकोण $\Delta$ ABC खींचकर उसके सभी शीर्षलंब खींचे । लंबकेंद्र का स्थान कहाँ है, देखें ।




**मैंने यह समझा**

त्रिभुज के शीर्षलंब एक ही बिंदु से जाते हैं । अर्थात ये शीर्षलंब संगामी (Concurrent) होते है । उनके संगम बिंदु को लंब केंद्र बिंदु (Orthocentre) कहते हैं । उसे 'O' अक्षर द्‌वारा दर्शाते है ।


- समकोण त्रिभुज का लंब केंद्र बिंदु, समकोण बनाने वाले शीर्षबिंदु पर होता है ।
- अधिक कोण त्रिभुज का लंब केंद्र बिंदु, त्रिभुज के बाह्य भाग में होता है ।
- न्यूनकोण त्रिभुज का लंब केंद्र बिंदु, त्रिभुज के अंत: भाग में होता है ।

**आओ जानें**


### माध्यिका (Median)

त्रिभुज का शीर्षबिंदु और सम्मुख भुजा के मध्यबिंदु को जोड़ने वाले रेखाखंड को त्रिभुज की माध्यिका कहते हैं ।

$\Delta$ HCF में रेख FD यह आधार HC की माध्यिका है ।



**त्रिभुज की माध्यिका खींचना :**




1. $\Delta$ ABC खींचें ।
2. भुजा AB का मध्यबिंदु प्राप्तकर उसे P नाम दें । रेखा CP खींचें ।
3. भुजा BC का मध्यबिंदु प्राप्तकर उसे Q नाम दें । रेखा AQ खींचें ।
4. भुजा AC का मध्यबिंदु प्राप्तकर उसे R नाम दें । रेखा BR खींचें ।

   रेखा PC, रेखा QA, रेखा BR यह $\Delta$ ABC की माध्यिकाएँ है ।

वे संगामी है इसे ध्यान में रखो । इनके संगमन बिंदु को माध्यिका संगामी (केंद्रव) कहते हैं । उसे G अक्षर से दर्शाया जाता है ।

**कृति IV :** एक समकोण, एक अधिक कोण तथा एक न्यूनकोण त्रिभुज खींचकर उसकी माध्यिकाएँ खींचे । वे माध्यिकाएँ संगामी हैं, इसका अनुभव कीजिए ।

**त्रिभुज के माध्यिका संगामी बिंदु का गुणधर्म :**

- कोई एक बड़ा त्रिभुज ABC खींचे ।
- $\Delta$ ABC की रेख AR, रेख BQ तथा रेख CP माध्यिका खींचे । संगामी बिंदु को G नाम दें ।

आकृति में रेखाखंडों की लंबाई नापकर सारणी के रिक्त चौखटें भरें ।

| | | |
|---|---|---|
| $l$(AG) = ☐ | $l$(GR) = ☐ | $l$(AG) : (GR) = ☐ |
| $l$(BG) = ☐ | $l$(GQ) = ☐ | $l$(BG) : (GQ) = ☐ |
| $l$(CG) = ☐ | $l$(GP) = ☐ | $l$(CG) : (GP) = ☐ |

यह सभी अनुपात लगभग 2:1 है इसका अनुभव कीजिए ।




**मैंने यह समझा**

त्रिभुज की माध्यिकाएँ संगामी होती है । उसके संगमन बिंदु को माध्यिका संगामी (केंद्रव) (Centroid) कहते हैं । उसे G अक्षर द्वारा दर्शाया जाता है । किसी भी त्रिभुज में G का स्थान त्रिभुज के अंत:भाग में होता है । संगमन बिंदु से प्रत्येक माध्यिका 2:1 अनुपात में विभाजित होती है ।




**आओ चर्चा करें**





किसी विद्‌यार्थी ने लेखन पुस्तिका के कागज पर पांच समांतर रेखाओं की सहायता से $\Delta$ ABC खींचकर G यह माध्यिका संगामी (केंद्रव) बिंदु स्थापित किया । तो उसके द्‌वारा निश्चित किया गया G का स्थान सही है क्या ? कैसे निश्चित करेंगे ?

## प्रश्नसंग्रह 4.1

1. 


$\Delta$ LMN में ...... यह शीर्षलंब है तथा ...... यह माध्यिका है । (रिक्त स्थानों में योग्य रेखाखंड का नाम लिखें ।)

2. न्यूनकोण $\Delta$ PQR खींचकर उसके तीनों शीर्षलंब खींचें । संगमन बिंदु को 'O' नाम दें ।
3. अधिककोण $\Delta$ STV खींचकर उसके सभी शीर्षलंब खींचें । उसकी माध्यिका संगामी (केंद्रव) दर्शाऍं ।
4. अधिककोण $\Delta$ LMN खींचकर उसके सभी शीर्षलंब खींचें । संगमन बिंदु को O से दर्शाऍं ।
5. समकोण $\Delta$ XYZ खींचकर उसकी माध्यिका खींचें । उसके संगमन बिंदु को G से दर्शाऍं ।
6. कोई एक समद्विबाहु त्रिभुज खींचकर उसके सभी माध्यिका और शीर्षलंब खींचें । उसके संगमन बिंदु के बारे में अपने निरिक्षण को दर्ज करें ।
7. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।




$\Delta$ ABC में बिंदु G यह माध्यिका संगमन बिंदु है ।

(1) यदि $l$(RG) = 2.5 तो $l$(GC) = ......

(2) यदि $l$(BG) = 6 तो $l$(BQ) = ......

(3) यदि $l$(AP) = 6 तो $l$(AG) = ..... तथा $l$(GP) = .....

### इसे करके देखिए

**(I) :** किसी एक समबाहु त्रिभुज की रचना कर उसके परिकेंद्र (C), अंत:वृत्त केंद्र (I), माध्यिका संगामी (केंद्रव) बिंदु (G) तथा लंबकेंद्र बिंदु (O) खींचें । निरीक्षण करें ।

**(II):** किसी एक समद्विबाहु त्रिभुज की रचना कर केंद्रव बिंदु, लंबकेंद्र बिंदु, परिकेंद्र, अंत:वृत्त केंद्र यह एक रेखीय है । इसकी जाँच कीजिए ।

### उत्तर सूची

**प्रश्नसंग्रह 4.1**

1. रेखा LX और रेखा LY

7. (1) 5, (2) 9, (3) 4, 2

CNH9SA